# प्रेस नोट

## दिनांक 10.10.2025

## पीसीएस परीक्षा की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण।

आगामी उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा के दृष्टिगत आज दिनांक 10.10.2025 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर की गई व्यवस्थाओं जैसे कि सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, यातायात नियंत्रण एवं अभ्यर्थियों के प्रवेश प्रबंधन का गहन अवलोकन किया गया।

इस दौरान संबंधित केंद्र प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकल-विहीन वातावरण में संपन्न कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था एवं ट्रैफिक प्रबंधन को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए।

श्रीमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहें तथा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करें।